निर्वाचन आवश्यक/ई0मेल

सत्यमेव जयते

# राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड


निर्वाचन भवन, लाडपुर, मसूरी बाईपास, रिंग रोड, देहरादून।

दूरभाष : 0135-2662253, 2662254 टैलीफैक्स : 0135-2662251, 2662257 E-Mail : sec-uttarakhand@uk.gov.in


संख्या 2068/रा0नि0आ0–2/4425/2025 दिनांक 24 जुलाई, 2025

## ::प्रेस–नोट::

उत्तराखण्ड राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन–2025 के प्रथम चरण का मतदान आज दिनांक 24 जुलाई, 2025 को सफलतापूर्वक, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो गया है। प्रथम चरण के लिए राज्य के सभी जनपदों (जनपद हरिद्वार को छोड़कर) के 49 विकास खण्डों की संबंधित ग्राम पंचायतों में स्थापित मतदान स्थलों में प्रातः 08:00 बजे से मतदान की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। प्रारंभिक आंकलनों के अनुसार प्रथम चरण में समग्र रूप से कुल 68.00 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें 63.00 प्रतिशत पुरुष और 73.00 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान में जनता का भारी उत्साह लोकतंत्र में गहरे विश्वास को दर्शाता है। ग्रामीण मतदाताओं द्वारा दिखाया गया यह उत्साह अत्यंत प्रशंसनीय है।

राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड निर्वाचन ड्यूटी में लगे सभी कर्मचारियों, अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों का उनके समर्पण एवं प्रतिबद्धता हेतु उनकी प्रशंसा करता है। राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड प्रदेश भर में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन–2025 के स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है।

(कमलेश मेहता)
संयुक्त सचिव।

संख्या– 2068 /रा0नि0आ0–2/4425/2025 तद्‌दिनांक।

**प्रतिलिपि–** महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(कमलेश मेहता)
संयुक्त सचिव।